




## एक नजर में

### एक दिवासीय प्रवास पर धार जिला पहुंचे हिंदू



**देवास।** संगठन विस्तार कार्यक्रम 2025 26 के तहत इंदौर संभाग के धार जिला मुख्यालय पहुंचे मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष पवन हिंदू जिला मुख्यालय धार पहुंच कर के संगठन विस्तार की धार जिले की एवं संपूर्ण मध्य प्रदेश की कार्य योजना धार जिले के प्रदेश महामंत्री मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन राज्य इकाई भोपाल के महामंत्री सरदार भाई मेडा के साथ बनाई इस दौरान धार जिला अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष घनश्याम पाटील एवं जिला कार्य कारणी के सदस्यों के साथ आगामी दिनों कि होने वाली फाउंडेशन की गतिविधियों के विषय में विस्तार पूर्वक कार्य योजना बनाई सभी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश महामंत्री का स्वागत सत्कार किया ज्ञात रहे की श्री मेड़ा अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन के धार जिले से प्रदेश के महामंत्री हैं एवं जिला पंचायत धार के अध्यक्ष भी हैं।

### संस्था श्री विश्व राजा ने किया इंदौर महापौर का सम्मान

**देवास।** स्वच्छता में लगातार कीर्तिमान स्थापित करते हुए इंदौर एक बार फिर देश में स्वच्छता का सिरमौर बना है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए इंदौर नगर निगम के कर्मठ महापौर पुष्यमित्र भार्गव को पूरे देशभर से शुभकामनाएं व सराहना मिल रही है। इसी क्रम में देवास की प्रमुख सामाजिक संस्था श्री विश्व राजा द्वारा महापौर पुष्यमित्र भार्गव का विशेष अभिनंदन व सम्मान किया गया। संस्था के अध्यक्ष एडवोकेट मनोज श्रीवास्तव एवं अन्य सदस्यों ने इंदौर आगमन पर श्री भार्गव का माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से स्वामी योगेन्द्र भारती ,एडवोकेट अजय सेंधव,पत्रकार बाबू भाटिया,पिलोक सरकार,चंद्रकांत सिंह परिहार,पत्रकार जितेंद्र हूरेड, गौरीशंकर पटेल आदि उपस्थित रहे।

### संत निरंकारी सत्संग संपन्न

**देवास।** रविवार को संत निरंकारी सत्संग परम पूज्य ज्ञान प्रचारक स्थानीय महात्मा किशन लाल निरंकारी के सानिध्य में संपन्न हुआ। उन्होंने अपनी वाणी में कहा कि यह निराकार प्रभु परमात्म आलौकिक होते हुए संसार के सारे कार्य लौकिक रूप में कर रहा है। संसार की सारी गतिविधियां उसकी शक्तियों द्वारा संचालित हो रही है और होती रहेंगी सब उसी का खेल है। मीडिया प्रभारी प्रेम बरेठा ने बताया कि आध्यात्मिक सत्संग प्रति रविवार सुबह 11 से 1 बजे तक 10 मैना श्री कालोनी में आयोजित किया जाता है। श्री बरेठा ने धर्मप्रेमी जनों से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में सत्संग में उपस्थित होकर सत्संग का लाभ लें।

### शासकीय महाविद्यालय में व्याख्यानमाला का आयोजन

**देवास।** उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार संविधान हत्या दिवस के संदर्भ में वर्ष भर चलने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में जिले के प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस श्री कृष्णाजीराव पवार स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवास में 21 जुलाई 2025 को व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनभागीदारी अध्यक्ष मनीष पारीक, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.पी.एस. राणा, शहर के लोकतंत्र सेनानी एवं वरिष्ठजन शिवनारायण पाठक तथा ओमप्रकाश शर्मा, महाविद्यालय के राजनीतिक विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ आर.के. मराठा तथा डॉ. लता धुपकरिया मंचासीन रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य वक्ता प्रो. खुशबू बैग थी। कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती पूजन एवं अतिथि परिचय से हुआ। इस अवसर पर शहर के लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान किया गया तथा आपातकाल के दौरान उनके संस्मरणों ने विद्यार्थियों को आपातकाल में हुई घटनाओं से अवगत कराया। कार्यक्रम की प्रमुख वक्ता प्रो.खुशबू बेग ने संविधान के स्वरूप की चर्चा करते हुए संविधान को संरक्षित करने वाले विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की, जिसमें आपातकालीन प्रावधानों की समझ पर विशेष बल दिया, ताकि लोकतंत्र को सुदृढ़ किया जा सके। महाविद्यालय की जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष मनीष पारीक ने लोकतंत्र सेनानियों का परिचय कराते हुए विद्यार्थियों को आपातकाल की क्रूर घटनाओं से अवगत कराया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.एस.पी.एस.राणा ने अपने अध्यक्ष उद्बोधन में विद्यार्थियों से आह्वान किया कि संविधान का गहराई से अध्ययन करें ताकि लोकतंत्र को मजबूत किया जा सके। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. सीमा सोनी मैडम रही। अतिथि परिचय डॉ. ममता लाबरे तथा प्रो.रजत राठौर ने दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.मोनिका वैष्णव ,सरस्वती वंदना का गायन डॉ. माया ठाकुर एवं आभार प्रदर्शन प्रो. निहारिका व्यास तथा तकनीकी संचालन प्रो. दीपक अटाडिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय का संपूर्ण स्टाफ तथा विद्यार्थियों की भागीदारी रही।

### शासकीय विज्ञान महाविद्यालय देवास में प्रवेश प्रक्रिया जारी

**देवास।** स्व. तुकोजीराव पवार शासकीय विज्ञान महाविद्यालय देवास में कालेज चलो अभियान के अन्तर्गत डॉ. माधवी माथुर प्राचार्य एवं आशीष व्यास जनभागीदारी अध्यक्ष समिति शासकीय विज्ञान महाविद्यालय देवास के मार्गदर्शन में प्रवेश प्रक्रिया बी.एस.सी. प्रथम वर्ष स्नातक स्तर के बॉयोटेक, कम्प्युटर सॉईन्स, इण्डस्ट्रीयल माइक्रो, बॉयलाजी, रसायन फार्मा, एवं बायोलोजी गणित, की ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया जारी है। मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार एईडीपी के अंतर्गत हेल्थ केयर मेनेजमेंन्ट नवीन कोर्स संचालित है। जिसमें विद्यार्थी को प्रवेश लेने पर इन्टरशिप पर जाने के बाद 8000 प्रतिमाह स्टायफर्ड प्राप्त होगा। मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित योजनाऐं जैसे पोस्टमेट्रीक छात्रवृत्ति, गॉव की बेटी योजना, प्रतिभाकिरण योजना, आवास योजना, मेधावी योजना, जनकल्याण योजना का लाभ प्रवेशित विद्यार्थीयों को मिलता है। महाविद्यालय में सुसज्जित प्रयोगशाला एक मात्र देवास जिले में हमारे महाविद्यालय में उपलब्ध है। जिससे विद्यार्थी प्रोजेक्ट कार्य एवं विज्ञान से संबंधित प्रायोगिक कार्य को कर सकते है। ऑनलाईन प्रवेश समिति की प्रभारी डॉ. ममता शाक्य नोडल अधिकारी प्रवेश समिति एवं सदस्य जैद अहमद ग्रन्थपाल, प्रो. नाजनीन पठान, प्रो. गणेश कुशवाह, प्रो. नुरबी खान, प्रति कार्य दिवस मे महाविद्यालय आने वाले विद्यार्थियों को महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम के विषय की प्रयोगशाला की जानकारी दी जा रही है। महाविद्यालय मे वर्ष 2020 से भोज मुक्त विश्वविद्यालय को केन्द्र भी संचालित है। जिसमें विज्ञान से स्नातक एवं स्नातकोत्तर उपाधि की कक्षाऐं भी संचालित होती है। महाविद्यालय में राष्ट्रीय केडेट कोर एन.सी.सी., राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई एवं क्रिडा गतिविधियो का संचालन महाविद्यालय स्तर से होता है। महाविद्यालय मे स्वामी विवेकानन्द करियर मार्गदर्शन से विद्यार्थीयो को विभिन्न क्षैत्रो में रोजगार के अवसर प्रदान किये जाते है महाविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम के रूप में प्रति वर्ष युवा उत्सव भी मनाया जाता है, इसके साथ ही विद्यार्थीयो के लिए ई-ग्रथालय, वाचनालय सुविधा में ऑनलाईन पुस्तको की अध्ययन करने की सुविधा भी उपलब्ध है। महाविद्यालय स्ववित्तीय पाठ्यक्रम परम्परागत पाठयक्रम के 125 एवं स्नातकोत्तर पाठयक्रम (एम.एस.सी.प्राणिकी, रसायन , वनस्पति शास्त्र) में 54 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। विज्ञान महाविद्यालय देवास शहर से 11 किलो मीटर दूर होने पर सिटी ट्रान्सर्पोट प्रा. लिमिटेड द्वारा एक बस संचालित होती थी। । वर्तमान में बस का संचालन बन्द होने के कारण महाविद्यालय में छात्रध्छात्राऐं को कठिनाई का सामना करना पढ रहा है। महाविद्यालय के विद्यार्थीयो के आवागमन सुविधा के लिये वैकल्पिक वाहन मैजिक ध्ई-रिक्शा वाहन की व्यवस्था की जा रही है।

## शहर में चोरों के हौसले बुलंद, बढ़ी चोरी की घटनाएं

**पुलिस ने 23 घण्टे मे किया चोरी का पर्दाफाश**

**01 आरोपी गिरफ्तार**

**72 मोबाइल फोन व 3 टेबलेट जब्त**



**देवास।** 20 जुलाई को फरियादी अमित कुमार राठौर निवासी 15 गोल्डन सिटी बालगढ़ रोड देवास द्वारा थाना कोतवाली आकर सूचना दी गई कि उनकी मोबाइल दुकान न्यू दीपक टेलीफोन, 54 भगत सिंह मार्ग, देवास से अज्ञात चोर द्वारा बीती रात दुकान के पीछे की चद्दर तोड़कर 72 विभिन्न कंपनियों के मोबाइल फोन एवं रियलमी, रेडमी और मोटोरोला कंपनी के 1-1 टेबलेट चोरी कर लिए गए है। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कोतवाली मय फोर्स के घटना स्थल पहुंचे एवं घटना का सुक्ष्मता से निरीक्षण किया गया। घटना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गये मश्रुका की बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल के निर्देशन में थाना प्रभारी कोतवाली श्यामचन्द्र शर्मा के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम के द्वारा तकनीकी साक्ष्य,भौतिक साक्ष्य एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय कर घटना स्थल के आस-पास जनसहयोग उपरान्त लगे सीसीटीव्ही कैमरो का सुक्ष्मता से निरीक्षण किया गया जिसमें आरोपी के द्वारा घटना करने पश्चात भागना कैद हुआ। सीसीटीव्ही फुटैज एवं विश्वसनीय मुखबिर तंत्र की सूचना पर से आरोपी पियुष उर्फ पुरुषोत्तम सोनी पिता कैलाश सोनी निवासी ग्राम जगोटी थाना राघवी जिला उज्जैन,हाल निवासी गणेशपुरी बालगढ़ रोड देवास की पहचान कर उसे पुलिस अभिरक्षा में लेकर प्रारंभिक पूछताछ करने पर उसके द्वारा चोरी की घटना कारित करना स्वीकार किया गया। आरोपी के कब्जे से 72 मोबाइल व 3 टेबलेट कुल कीमत लगभग 16 लाख जप्त कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**सराहनीय कार्य**

कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली श्यामचंद्र शर्मा,उनि सचिन सोनगरा, प्रआर सुनील देथलिया,मनोज पटेल,हेमंत डाबी, रवि गरोड़ा,आर नवीन देथलिया, मनीष देथलिया एवं सायबर सेल टीम से प्रआर सचिन चौहान, शिवप्रताप सिंह सेंगर की सराहनीय भूमिका रही।

### एक ही रात में चार दुकानों पर धावा, सीसीटीवी में कैद हुई वारदातें



**देवास।** शहर में चोरों ने एक बार फिर पुलिस की चौकसी को चुनौती दे डाली। बीती रात कैला देवी चौराहा क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने एक के बाद एक चार दुकानों को निशाना बनाया। साइकिल किंग नामक प्रतिष्ठान से चोरों ने करीब 10 से 15 हजार रुपये की नकदी चुराकर फरार हो गए। वारदात के समय दुकानें बंद थीं और इलाके में सन्नाटा पसरा हुआ था, जिसका फायदा उठाकर चोरों ने ताले तोड़े और दुकान में दाखिल हो गए। चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है, जिसमें दो से तीन युवक वारदात को अंजाम देते नजर आ रहे हैं। चोरों ने निधि स्टोर और खेड़ापति फ्लाईवुड पर भी चोरी की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिल पाई। हालांकि इन दुकानों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश जरूर की गई। चौंकाने वाली बात यह है कि सभी चोरी की घटनाएं दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई। इससे पुलिस की गश्त व्यवस्था और समन्वय पर सवाल उठ रहे हैं। इलाके के व्यापारियों में चोरी की इन घटनाओं के बाद भय और आक्रोश का माहौल है। व्यापारियों ने रात्रिकालीन गश्त बढ़ाने और चोरों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। वहीं, पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है और दावा किया जा रहा है कि जल्द ही चोर पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

## भौरासा के लोधी मोहल्ला में पुरानी रंजिश को लेकर खूनी संघर्ष



**तीन घायल, पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया**

**देवास।** भौरासा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले लोधी मोहल्ला में रविवार रात को पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में हुई मारपीट में तीन लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए तत्काल अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरियादी अशोक लोधी निवासी लोधी मोहल्ला ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका भतीजा विनोद लोधी रविवार रात करीब 9 बजे घर के बाहर खड़ा था। तभी मोहल्ले में रहने वाले जमनालाल, अशोक, अजय और हरीश लोधी वहां पहुंचे और पुरानी रंजिश के चलते विनोद के साथ गाली-गलौच कर मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि अजय और जमनालाल ने डंडों से विनोद के सिर और शरीर पर कई वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दौरान विनोद को बचाने पहुंचे उसके भाई मुकेश और महेश को भी आरोपियों ने नहीं बख्शा और उनके साथ भी मारपीट की गई। मारपीट में तीनों भाइयों को चोटें आई हैं। घटना के बाद सभी घायलों को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल भौरासा लाया गया, जहां से उन्हें देवास रेफर कर दिया गया।

फरियादी अशोक लोधी ने यह भी बताया कि मारपीट के बाद आरोपियों ने विनोद को जान से मारने की धमकी दी। मामले को गंभीरता से लेते हुए भौरासा पुलिस ने चारों आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## अभा साहित्य परिषद की साहित्य गोष्ठी संपन्न



**देवास।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद की देवास इकाई द्वारा गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर साहित्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें सभी उपस्थित छात्राओं में बढ़-चढ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम प्रभारी डॉक्टर शर्मिला कांटे ने गुरु का महत्व बताते हुए कहा कि गुरु का हमारे जीवन में बहुत अधिक महत्व है गुरु हमें अंधकार से उजाले की ओर ले जाता है। इनके महत्व को हमारी भारतीय ज्ञान परंपरा में ईश्वर रूपी अवतारों ने भी स्वीकार किया है। हमारी संस्कृति में गुरु का सर्वोच्च स्थान है। गुरुद्वारा प्रदत्त ज्ञान से ही शिष्य अपने जीवन में उत्तरोत्तर प्रगति होती हैं राष्ट्र एवं समाज उन्नति करता है। इशिता पांचाल, अनुष्का डोडिया एवं अन्य छात्राओं में गुरु के प्रति श्रद्धा भाव व्यक्त करते हुए कविता एवं प्रश्नों के माध्यम से अपनी बात कही। अखिल भारतीय साहित्य परिषद की देवास इकाई ने सभी गुरुओं को नमन किया।

## 400 बोरी यूरिया खाद का अवैध परिवहन करते हुए आयशर वाहन पकड़ा



**सोनकच्छ।** यूरिया खाद का अवैध परिवहन कर ले रहे एक आयशर वाहन को देवास कलेक्टर निर्देश पर कृषि विभाग के संयुक्त संचालक की टीम ने सोनकच्छ नगर के समीप पकड़ा वाहन में 400 बोरी यूरिया खाद भरी हुई थी वाहन चालक के पास खाद के संबंधित कोई भी दस्तावेज नहीं मिला टीम वाहन को सोनकच्छ थाने पर खड़ा करवाया कृषि विभाग की टीम कार्यवाही कर रही है। देवास कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देश पर संयुक्त संचालक कृषि विभाग के गोपेश पाठक द्वारा सोनकच्छ नगर के समीप इंदौर भोपाल हाईवे रोड गंधर्वपुरी फाटे पर यूरिया खाद का अवैध रूप से परिवहन कर कर ले जा रहे एक आयशर वाहन क्रमांक एमपी 41झेड ई 1972 को पकड़ा जिसमें करीब 400 यूरिया खाद की बोरी रखी हुई थी वाहन चालक असलम अहमद पिता इकबाल अहमद निवासी जुम्मापुरा आष्टा जिला सीहोर से जब खाद के दस्तावेज संबंधित जानकारी मांगी गई तो दस्तावेज उपलब्ध नहीं करवा पाया बताया जाता है कि टोकखुर्द तहसील के ग्राम चौबाराधीरा से इस खाद को भरा गया था जो उदयनगर तहसील बागली में किसी जायसवाल फर्म के यहां पर जा रहा था टीम ने वाहन को सोनकच्छ थाने पर कार्यवाही हेतु खड़ा करवाया गया है जहां पर कृषि विभाग की टीम ने कागजी कार्यवाही कर खाद की बोरियो को जप्त कर पंचनामा ओर प्रतिवेदन बना कर देवास कलेक्टर को भेजा जाएगा अगली कार्यवाही वही से होगी।

क्षेत्र में लगातार खाद की कालाबजारी की सूचना मिल रही थी इसी पर कलेक्टर ऋतुराज के द्वारा कार्यवाही करवाई गई है।

## पिकनिक मनाने पहुंचे दो युवकों की भैरव कुंड में डूबने से मौत

**गौरव को बचाने उतरे विवेक की भी गई जान**

**कुंड में 2 साल में 10वीं मौत**





**उदयनगर।** जिले के उदयनगर थाना क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध लेकिन खतरनाक भैरव कुंड एक बार फिर जानलेवा साबित हुआ। सोमवार को यहां पिकनिक मनाने आए इंदौर के दो युवकों की डूबने से मौत हो गई। मृतकों में 16 वर्षीय गौरव कछवाय और 32 वर्षीय विवेक वर्मा शामिल हैं। गौरव नहाते समय डूबने लगा था, जिसे बचाने के प्रयास में विवेक भी गहरे पानी में समा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दोनों युवक अलग-अलग ग्रुप में 12-12 दोस्तों के साथ भैरव कुंड आए थे। यह कुंड लगभग 300 फीट गहरी खाई में स्थित है और घने जंगलों से घिरा हुआ है। यहां पहुंचने के लिए कठिन रास्ता पार करना पड़ता है। ऊपर का क्षेत्र इंदौर जिले में जबकि नीचे का हिस्सा देवास जिले में आता है। हादसे के बाद वहां मौजूद साथियों ने शोर मचाया, जिसके बाद स्थानीय ग्रामीण, पुलिस और फिर एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद दोनों युवकों के शव बाहर निकाले जा सके। एडिशनल एसपी एच.एन. बॉथम ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है और दोनों परिवारों को सूचित कर दिया गया है। विवेक वर्मा इंदौर में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव के रूप में कार्यरत थे, वहीं गौरव 12वीं कक्षा का छात्र था। गौरव ने पिता से कहा था कि 10-15 मिनट में लौटकर आता हूं, लेकिन वह दोस्तों के साथ कुंड चला गया।

### पहले भी ले चुका है कई जानें

भैरव कुंड में पिछले दो वर्षों में 8 से अधिक लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। प्रशासन द्वारा कई बार चेतावनी बोर्ड भी लगाए गए और जनजागरूकता अभियान चलाए गए, लेकिन यह क्षेत्र युवाओं के लिए एडवेंचर स्पॉट बना हुआ है। प्रशासन और पुलिस की अपील है कि इस तरह के खतरनाक स्थानों पर जाने से बचें, विशेषकर बिना किसी सुरक्षा व्यवस्था के। थोड़ी सी मस्ती जानलेवा साबित हो सकती है।

## अतिक्रमण नही हटाने से नाराज पार्षद ने जुलूस मार्ग का कार्य रुकवाया

**अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी करेंगे**



**सोनकच्छ।** नगर परिषद द्वारा 92.74 लाख रुपए की लागत से बनने वाले जुलूस मार्ग का कार्य शुरु करवाया था। जिसे पार्षद द्वारा रुकवा दिया गया है। वार्डवासियों का कहना है कि, पाइपलाइन फूटी हुई है ऐसे में रोड बनाने का क्या फायदा है। सोमवार को दोपहर करीब डेढ़ बजे नगर परिषद द्वारा ताबड़तोड़ जुलूस मार्ग का कार्य शुरु कर दिया। जिसकी सूचना पार्षद महेश यादव को लगी। यादव जुलूस मार्ग पर पहुंचे व कार्य रुकवा दिया। कार्य रुकने की सूचना सीएमओ अमरदास सेनानी व इंजीनियर जितेंद्र मारु को लगी तो वह भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने पार्षद से चर्चा कर समस्या जानी। पार्षद यादव ने कहा कि, यह नगर का जुलूस मार्ग है, मार्ग से पहले अतिक्रमण हटाया जाएं उसके बाद रोड का कार्य लगाया जाएं ताकि भविष्य किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न नही हो। पार्षद ने ये भी कहा कि, जुलूस के दौरान माता व गणेशजी की प्रतिमा को निकालने में घंडित होने का डर बना रहता है। इसीलिए जुलूस मार्ग का चौड़ीकरण किया जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि, जब नवीन भवन बनाने पर नप अनुमति देती है लेकिन अधिकारी उसके बाद देखने नही आते है इसलिए घर रोड तक आ गए है। पुरानी रोड की खुदाई कर रोड का निर्माण कार्य किया जाएं। वार्डवासियों ने कहा कि, कई जगह नलजल योजना की पाइप लाइन जगह-जगह से फूटी हुई है, उसे सुधारा जाएं। इन सभी समस्या का निराकरण होने के बाद ही रोड का कार्य लगवाया जाएं। पार्षद ने स्पष्ट कहा कि, जब तक चौड़ी करण नही तब तक रोड नही बनने दिया जाएगा। सीएमओ सेनानी ने विस्तृत से समस्या सुनने के बाद कहा कि, वार्ड प्रभारी को निर्देशित किया जाएगा कि, मकान मालिकों को नोटिस जारी करें कि वे अपना अतिक्रमण स्वेच्छा से हटा लें अन्यथा नप द्वारा अतिक्रमण तोड़ा जाएगा। हालांकि समस्या को देखते हुए रोड का कार्य रुकवा दिया गया है।

## सामाजिक अंकेक्षण एवं जनसुनवाई शिविर आयोजित


**कन्नौद।** जनपद पंचायत कन्नौद में 23 जुलाई दोपहर 01.00 बजे प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत क्रियान्वित गतिविधियों की पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने हेतु सामाजिक अंकेक्षण जनसुनवाई शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में जिला स्तर से गठित दल के द्वारा वित्तीय वर्ष 2024 -25 में चयनित 50 शालाओं के सामाजिक अंकेक्षण में आए हुए मुद्दों पर चर्चा अनुसार निर्णय लिया जाएगा शिविर में शाला प्रभारी, मध्यान्ह भोजन के समूह आमजन, सहायिका, शिक्षण संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित हितग्राही भाग लेंगे। जनसुनवाई शिविर का उद्देश्य योजना के क्रियान्वयन में जनता की भागीदारी सुनिश्चित करना तथा योजनाओं से संबंधित जमीनी स्तर की समस्याओं एवं सुझावों को सुनना एवं उनका समाधान करना है।

## जय श्री महाकाल मंडल ने क्षिप्रा जल से किया महाकाल का जलाभिषेक

**देवास।** जय श्री महाकाल मंडल द्वारा आवास नगर से बिलावली तक कावड़ यात्रा निकाली गई जिसमें समस्त मातृशक्ति युवा साथी वरिष्ठ, शिव भक्तों ने मां शिप्रा नदी के जल से अपने कावड़ में जल भरकर बिलावली में बाबा महाकाल का जल अभिषेक किया तथा 1111 बिलपत्र की माला बाबा अर्पण की। कावड़ यात्रा का आवास नगर के प्रमुख मार्गों पर जगह-जगह अनेक सामाजिक संस्थाओं ने पुष्प वर्षा कर सभी कावड़ियों को स्वल्पाहार की व्यवस्था की। पांचाल परिवार द्वारा स्व लक्ष्मीनारायण पांचाल की स्मृति में भक्तों को स्वल्पाहार कराया गया। यात्रा में भगवान आदियोगी की प्रतिमा बैंड ढोल ताशे आकर्षण का केंद्र रहे। यात्रा में प्रमुख रूप से मंडल के,संस्थापक बंटी जाधव, राजेश पांचाल, मातृशक्ति सविता पांचाल, अर्चना शर्मा, दीपिका चौहान, गुड्डी भाई मुकाती, गीतांजलि राठौर, अंजलि राठौर, पं राजेंद्र शर्मा, पं देवकीनंदन अग्निहोत्री, धर्मेंद्र मिश्रा, लोकेश विजयवर्गी, लक्ष्मी नारायण मारू, धनंजय गायकवाड, राजेश सोनी, मोहनलाल सोनी, दत्ताजी राव जाधव, श्रीराम कुमावत, राजकुमार ठाकुर, महेंद्र सांगते, विक्रम नागर, पुरुषोत्तम सिसोदिया, दिनेश पांचाल, जयंत गोयल, धनंजय अहीरवाल, सनी कारपेंटर, आदित्य श्रीवास्तव, अमोल राव, राहुल बैरागी, रोशनी यादव, अनिल डाबी आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी मंडल के मोंटी जाधव ने दी।

**एक नजर** सड़क दुर्घटना ना हो इसलिए गोवंश को पड़कर उन्हें गौशाला में पहुंचा रहे

## सड़कों पर मंडराता खतरा-आवारा गोवंश बन रहा सड़क दुर्घटनाओं का कारण



**भौरासा।** बारिश के इस मौसम में प्रदेश की सड़कों पर घूमते आवारा गोवंश सड़क दुर्घटनाओं का बड़ा कारण बनते जा रहे हैं। शासन द्वारा गोवंश संरक्षण को लेकर किए जा रहे तमाम प्रयास जमीनी स्तर पर धराशायी होते नजर आ रहे हैं। विभागों के बीच समन्वय की कमी और टालमटोल की कार्यशैली के चलते स्थिति दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही है। शहरों से लेकर हाईवे तक, आवारा पशु खुलेआम घूमते देखे जा सकते हैं, जो खासकर रात के समय वाहनों की चपेट में आ रहे हैं। इससे न केवल गंभीर सड़क हादसे हो रहे हैं, बल्कि कई गोवंश घायल या मृत भी हो रहे हैं। जमीनी हकीकत को समझने के लिए जब संवाददाता ने कुछ प्रमुख मार्गों का निरीक्षण किया, तो यह स्पष्ट हुआ कि जिले की अधिकतर सड़कों पर आवारा गोवंश को हटाने के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं है। केवल देवासङ्भोपाल मार्ग पर गोवंश को हटाने हेतु एक कैटल रेस्क्यू व्हीकल तैनात है, और रात्रि में पशुओं की पहचान के लिए उनके गलों में चमकने वाली पट्टियाँ लगाई जा रही हैं। इस संबंध में जब हमारे संवाददाता ने राजीव मिश्रा, कॉरिडोर मैनेजर से बात की, तो उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई एमपीआरडीसी के निर्देशों के तहत की जा रही है। उन्होंने बताया कि 1 जुलाई से यह अभियान लगातार जारी है, जिसके अंतर्गत आवारा गोवंश को मार्ग से हटाकर आसपास की गौशालाओं में छोड़ा जा रहा है। हालांकि, उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि अब आसपास की लगभग सभी गौशालाएं पूरी तरह भर चुकी हैं, जिसके कारण गोवंश को हटाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों को इस स्थिति से अवगत करा दिया गया है, और उनके निर्देश पर अतिरिक्त गौशालाओं की व्यवस्था की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। यह मामला न केवल प्रशासनिक समन्वय की विफलता को उजागर करता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि केवल कागजों पर चलने वाले प्रयासों से जमीनी सुरक्षा और गोसंरक्षण सुनिश्चित नहीं किया जा सकता। जब तक सभी संबंधित विभाग मिलकर ठोस और दीर्घकालिक समाधान नहीं अपनाते, तब तक सड़कें इस खतरे से जूझती रहेंगी — और हादसों का सिलसिला यूँ ही चलता रहेगा।